**<u>अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान</u>**

**(हिंदी अनुभाग)**

अंसारी नगर, नई दिल्ली-29

फा.सं.4-1/2025-हिं.अ. दिनांक: 10.06.2025

**<u>परिपत्र</u>**

**विषय: संस्थान में कार्यरत नियमित कनिष्ठ प्रशासनिक सहायकों/डाटा एंट्री ऑपरेटरों को <u>हिंदी शिक्षण योजना के तहत हिंदी टंकण प्रशिक्षण हेतु नामित करने संबंधी</u>।**

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में कार्यरत नियमित कनिष्ठ प्रशासनिक सहायकों/डाटा एंट्री ऑपरेटरों को भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग की हिंदी शिक्षण योजना के तहत प्रतिवर्ष अनिवार्य हिंदी टंकण प्रशिक्षण हेतु नामित किया जाता है। संस्थान द्वारा अगस्त, 2025 से प्रारंभ होने वाले हिंदी टंकण के ऑफलाइन प्रशिक्षण सत्र हेतु नियमित कनिष्ठ प्रशासनिक सहायकों/डाटा एंट्री ऑपरेटरों को हिंदी टंकण प्रशिक्षण की कक्षाओं में नामित किया जाना प्रस्तावित है। विभिन्न केन्द्रों के प्रमुखगण तथा विभागों/अनुभागों के अध्यक्षगण, अधिकारीगण एवं संकाय-सदस्यगण स्वैच्छिक रूप से अपने अधीन कनिष्ठ प्रशासनिक सहायकों/डाटा एंट्री ऑपरेटरों को अनिवार्य हिंदी टंकण प्रशिक्षण हेतु प्राथमिकता के आधार पर नामांकित करने की सिफारिश कर सकते हैं। इस प्रशिक्षण से संबंधित विवरण निम्न प्रकार है:-

1. हिंदी टंकण प्रशिक्षण सत्र अगस्त, 2025 से प्रारंभ होगा और इस प्रशिक्षण की अवधि अगस्त, 2025 से जनवरी, 2026 (6 माह, 1 घंटा प्रति दिन) तक की होगी तथा केवल कनिष्ठ प्रशासनिक सहायकों, डाटा एंट्री ऑपरेटरों को हिंदी टंकण प्रशिक्षण हेतु नामित किया जाता है।

2. हिंदी टंकण प्रशिक्षण की कक्षाएं कार्यालय समय में (शनिवार को छोड़कर) प्रतिदिन एक घंटे की होती हैं।

3. नामित कर्मचारियों को प्रशिक्षण अवधि में कक्षा में उपस्थित होना व उसकी समाप्ति पर परीक्षा में बैठना अनिवार्य होता है और कक्षा में गैर-हाजिरी को कर्तव्य की अवहेलना माना जाता है। भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के हिंदी टंकण एवं आशुलिपि प्रशिक्षण स्कंध द्वारा हिंदी टंकण परीक्षा जनवरी, 2026 के दूसरे अथवा तीसरे सप्ताह में आयोजित की जाएगी।

जारी–2/-

4. संस्थान की ओर से नामित कर्मचारी को हिंदी टंकण परीक्षा उत्तीर्ण करने पर 12 महीने की अवधि के लिए एक वेतनवृद्धि के बराबर राशि का वैयक्तिक वेतन प्रदान किया जाता है।

5. हिंदी टंकण की परीक्षा में 97%, 95% एवं 90% अंक प्राप्त करने पर संबंधित कर्मचारी को संस्थान की ओर से क्रमश: ₹5,000/-, ₹3,000/- एवं ₹2,000/- के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं।

6. अंग्रेजी टंकण जानने वाले कर्मचारी यदि प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद अपने सरकारी कार्य के दौरान अंग्रेजी के अतिरिक्त हिंदी में भी टाइपिंग कार्य करते हैं तो उन्हें संस्थान की ओर से नियमानुसार ₹1000/- प्रतिमास विशेष प्रोत्साहन भत्ता प्रदान किया जाता है।

संस्थान के विभिन्न केन्द्रों के प्रमुखगण तथा विभागों/अनुभागों के अध्यक्षगण, अधिकारीगण एवं संकाय-सदस्यगण अपने अधीन कार्यरत जिन नियमित कनिष्ठ प्रशासनिक सहायकों/डाटा एंट्री ऑपरेटरों को स्वेच्छा से उपर्युक्तानुसार अनिवार्य हिंदी टंकण प्रशिक्षण की ऑफलाइन कक्षाओं में प्राथमिकता के आधार पर नामित करवाना चाहते हैं, वे कृपया संलग्न प्रपत्र में ऐसे कर्मचारीगण के नाम इस परिपत्र के जारी होने की तारीख से 15 दिनों के अंदर हिंदी अनुभाग को उपलब्ध करा दें। उक्त आवेदन-पत्रों पर भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग की हिंदी शिक्षण योजना के अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों को अनिवार्य टंकण प्रशिक्षण हेतु जारी नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

**(पदम सिंह)**
**वरिष्ठ हिंदी अधिकारी (का.)**

<u>वितरण:</u> - सभी विभाग/अनुभाग/केन्द्र।

**<u>प्रतिलिपि:</u>-**

1. निदेशक/संकायाध्यक्ष(शैक्षिक/अनुसंधान/परीक्षा)/चिकित्सा अधीक्षक महोदया के प्रधान निजी सचिव।
2. अपर निदेशक (प्रशासन)/वरिष्ठ वित्त सलाहकार एवं राजभाषा अधिकारी महोदया के निजी सचिव।
3. मुख्य प्रशासन अधिकारी/अधीक्षण अभियंता/वित्त सलाहकार महोदय के निजी सचिव।
4. प्रभारी-आचार्य (कम्प्यूटर सुविधा) - कृपया इस परिपत्र को संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड करवाने की कृपा करें।

**<u>अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान</u>**

अंसारी नगर, नई दिल्ली-29

**संस्थान में कार्यरत नियमित कनिष्ठ प्रशासनिक सहायकों/डाटा एंट्री ऑपरेटरों को हिंदी शिक्षण योजना के तहत हिंदी टंकण की ऑफलाइन प्रशिक्षण कक्षाओं में <u>नामित करने हेतु नामांकन प्रपत्र।</u>**

हिंदी अनुभाग के दिनांक 10.06.2025 के परिपत्र सं. 4-1/2025-हिं.अ. के संदर्भ में------------------------------------------------------------------------ विभाग/अनुभाग/केन्द्र में कार्यरत श्री/सुश्री --------------------------------------- पदनाम -------------------------------, को भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग की हिंदी शिक्षण योजना के तहत अगस्त, 2025 से आरंभ होने वाले सत्र में अनिवार्य हिंदी टंकण के ऑफलाइन प्रशिक्षण हेतु प्राथमिकता के आधार पर नामित किए जाने की सिफारिश की जाती है। यहां पर यह भी स्पष्ट किया जाता है कि हिंदी टंकण प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरान्त विभाग/अनुभाग/केन्द्र में हिंदी के कामकाज को बढ़ावा देने के लिए हिंदी टंकण कार्य हेतु उक्त कर्मचारी की सेवाएं उपयोगी होंगी।

**सिफारिश करने वाले अधिकारी/संकाय: --------------------------------**
**के मोहर सहित हस्ताक्षर**

**वरिष्ठ हिंदी अधिकारी (का.)**
**हिंदी अनुभाग**
**<u>अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान</u>**